2. अद्भुत बातें

कुछ ऐसी सच्ची बातें जो बहुत मज़ेदार होती हैं और जिन्हें सुनकर हम हैरान हो जाते हैं, उन्हें रोचक तथ्य कहते हैं। आइए पढ़ें कुछ ऐसे ही रोचक तथ्य।

आओ कुछ मज़ेदार बातें जानें–

- हमारे दाँत चट्टान जितने कठोर होते हैं।
- बार्बी गुड़िया का पूरा नाम बारबरा मिलिसेंट रॉबर्ट्स है।
- शहद एकमात्र ऐसा खाद्य पदार्थ है, जो पुराना होने पर अधिक उपयोगी हो जाता है।

सारिका जी कक्षा चार की हिंदी की अध्यापिका हैं। कक्षा में प्रवेश करते ही उन्होंने कहा, "बच्चो! मैं चाहती हूँ कि आप सभी को कुछ ऐसी जानकारियाँ मिलें, जो आपके काम की भी हों और साथ ही मज़ेदार भी। आपकी कक्षा में कुल छत्तीस विद्यार्थी हैं। आप सभी विद्यार्थी छह-छह छात्रों का समूह बना लें।" बच्चों ने जल्दी-जल्दी अपने-अपने समूह बना लिए। अध्यापिका बोलीं, "अब छह समूहों के नाम भी मैं बता देती हूँ–विकास समूह, उज्ज्वल समूह, पंखुरी समूह, सार्थक समूह, उन्नति समूह, प्रगति समूह। अब प्रत्येक समूह के सदस्य मिलकर कल कुछ रोचक तथ्य ढूँढ़कर लाएँगे। तो आप सब तैयार हैं, इस मज़ेदार खेल के लिए।" सभी छात्रों ने एक साथ 'हाँ' बोला और वे अपने-अपने समूह में रोचक तथ्यों को ढूँढ़ने की योजना बनाने लगे।

अगले दिन अध्यापिका जी कक्षा में आईं। सभी विद्यार्थी बहुत खुश नज़र आ रहे थे। वे बोलीं, "तो ठीक है, हम शुरू करते हैं। 'विकास समूह' के छात्र कोई दो मज़ेदार तथ्य बताएँ।"



विकास समूह

संदीप – मैडम, ब्राजील में एक ऐसी तितली पाई जाती है, जिसका रंग तथा खुशबू चॉकलेट जैसी होती है।

शिवानी – एफिल टॉवर की ऊँचाई प्राय: 984 फुट रहती है, लेकिन तापमान के हिसाब से यह ऊँचाई 6 इंच तक घटती-बढ़ती रहती है।

"अरे वाह!", अध्यापिका जी बोलीं और सब बच्चों ने तालियाँ बजाईं। "अब 'उज्ज्वल समूह' की बारी है। कोई दो मज़ेदार रोचक तथ्य बताओ।", अध्यापिका जी ने उज्ज्वल समूह की ओर देखते हुए कहा।

उज्ज्वल समूह

संजना – बिना पानी पिए चूहा ऊँट से भी अधिक दिनों तक जीवित रह सकता है।

जतिन – एक हाथी एक दिन में लगभग 300 किलोग्राम खाना खा सकता है और 160 लीटर पानी पी सकता है।

सब बच्चे तालियाँ बजाते हैं।

"वाह! बहुत बढ़िया। अब 'प्रगति समूह' के छात्र रोचक तथ्य बताएँगे।", अध्यापिका जी ने कहा।

प्रगति समूह

वर्तिका – अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष से मानव निर्मित केवल चीन की दीवार ही दिखाई दी थी।

नमन – सऊदी अरब एक ऐसा देश है, जिसमें एक भी नदी नहीं है।

"अब 'सार्थक समूह' के छात्र अपने लाए तथ्य बताएँगे।" अध्यापिका जी ने कहा।

सार्थक समूह

रिमझिम – जिस दिन हमारा जन्मदिन होता है, उस दिन दुनिया के एक करोड़ से अधिक लोगों का जन्मदिन होता है।

शशांक – जापानी लोग, घरेलू मछली घरों में ऐसी मछलियाँ पालते हैं, जो भूकंप आने के कुछ घंटे पूर्व ही उछल-कूद मचाना शुरू कर देती हैं।

पूरी कक्षा तालियों की आवाज़ से गूँज उठती है। अध्यापिका जी उनकी प्रशंसा करके 'उन्नति समूह' के छात्रों को कोई दो रोचक तथ्य बताने को कहती हैं।

उन्नति समूह

सौरभ – मनुष्य छींकते समय अपनी दोनों आँखें खुली नहीं रख सकता।

गुंजन – बंदरों में सामाजिक भावना इतनी अधिक होती है कि यदि एक बंदर बीमार हो जाए, तो उस समूह के सभी बंदर खाना-पीना छोड़ देते हैं।

कक्षा के सभी छात्रों ने तालियाँ बजाईं।



"वाह! देखा बच्चो आपने, बंदरों में भी आपस में कितनी एकता व सहानुभूति होती है। हम मनुष्यों में भी आपस में ऐसा ही प्यार होना चाहिए। चलो अब 'पंखुरी समूह' के सदस्य दो रोचक तथ्य बताएँ।", अध्यापिका जी ने कहा।

पंखुरी समूह

कनिका – केवल मधुमक्खी ही ऐसा कीट है, जिसका भोजन (शहद) मनुष्य खाता है।

गौरव – इंग्लैंड ही एकमात्र ऐसा देश है, जिसके टिकट पर देश का नाम नहीं छपा होता।

सब तालियाँ बजाते हैं। "आप सभी ने कमाल कर दिया। सचमुच आपने बहुत अच्छे रोचक तथ्य ढूँढ़े हैं। आप सबने इतना परिश्रम किया है। आप सभी को इनाम मिलना चाहिए। सोमवार को हम सभी 'पुस्तक-मेला' देखने चलेंगे। वहाँ आप अपनी पसंद की पुस्तकें खरीद सकते हैं।", अध्यापिका ने कहा।

"हुर्रे! मज़ा आ गया।" सभी छात्र एक साथ खुश होते हुए बोले।